**Shri Randeep Singh Surjewala addressed the media today.**

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी की आज चण्डीगढ़ में रैली थी, जिससे आज साबित हो गया कि स्वयं घोषित सेवक असली में साहब निकले। देश के इतिहास में पीएम जी का चण्डीगढ़ दौरा सत्ता के दुरुपयोग का सबसे बड़ा उदाहरण बनकर सामने आया है। सत्ता के अंहकार में मदमस्त पीएम जी ने और बीजेपी ने चण्डीगढ़ जो दो राज्यों की राजधानी भी है और केंद्र प्रशासित भी है, वहां के दिवंगत लोगों को प्राकृतिक दाह संस्कार के अधिकार से भी वंचित कर दिया।**

**जब शहर में स्थित एकमात्र क्रिमेशन ग्राऊंड जो सेक्टर 25 में है, उसको भी पूरे दिन के लिए बंद कर दिया। संवेदनशीलता की हद उस समय पार कर गई जब कारगिल वॉर के हीरो ब्रिगेडियर दिवेंदर सिंह के एकमात्र 24 वर्षीय बेटे जिसका कल ही देहांत हुआ था, करण अंगद सिंह, उनको अपने बेटे के दाह संस्कार के लिए अनुमति चण्डीगढ़ के सेक्टर 25 में नहीं मिली तो मजबूरन उस लाचार सैनिक को और उसके दुखद परिवार जनों को उस नौजवान बच्चे का दाह संस्कार आज 2:30 बजे पड़ोस में मनीमाजरा जाकर करना पड़ा।**

**चण्डीगढ़ प्रशासन और भाजपा के लिए इससे शर्मनाक उदाहरण नहीं हो सकता। हम आदरणीय प्रधानमंत्री जी से मांग करते है कि वो बगैर देर और बगैर शर्त ब्रिगेडियर दिवेंदर सिंह और उनके दुखी परिवार से माफी मांगे।**

**इसके साथ - साथ चण्डीगढ़ में 187 स्कूल थे, जिनको लिखित आदेश जारी करके बंद कर दिया गया। चण्डीगढ़ के प्रशासन के द्वारा स्कूल की सारी बसों को इंपाउड कर दिया गया। क्या यही अच्छे दिन हैं? सच बात तो यह है कि पीएम जी के लिए चण्डीगढ़, पंजाब और हरियाणा का दौरा एक दुखद स्वपन साबित हुआ।**

**मैं आपको याद दिलाना चांहूगा कि इससे पहले भी पूर्व प्रधानमंत्री और उच्च पदों पर नियुक्त मंत्री चण्डीगढ़ के दौरे पर जाते आए हैं। डा. मनमोहन सिंह जी ने बतौर प्रधानमंत्री चण्डीगढ़ के दौरे किए, 3 नवंबर 2009 को और 14 सितम्बर 2013 को, मौजुदा राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी जी मार्च 2015 को चण्डीगढ़ गए थे, श्री मति प्रतिभा पाटिल जो उस समय राष्ट्रपति थी वह भी 5 अक्टूबर 2010 को चण्डीगढ़ गई और यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी 30 मार्च 2011 को चण्डीगढ़ गई थी। परंतु इस प्रकार के इंतजाम, स्कूलों का बंद करना, एग्जाम को कैंसिल करना, यहां तक की क्रिमेशन ग्राऊंड को भी बंद करवा देना, पहले कभी ऐसा नहीं हुआ।**

आज प्रधानमंत्री जी की जो रैली थी वो राजनीतिक रैली थी। परंतु उसका सारा खर्चा आम फ्लैट धारकों के द्वारा चण्डीगढ़ हाउसिंग बोर्ड के द्वारा दिया गया। सत्ता के दुरुपयोग का इससे बड़ा उदाहरण पीएम के द्वारा नहीं हो सकता और इसलिए किसी ने कहा भी है कि "माल किसी का और कमाल किसी का"। यह पीएम जी ने साबित करके दिखाया है।

आज फिर उस रैली में बहुत सी हवाबाजी की बातें की। पीएम जी ने कहा कि हमने मंहगाई को कम किया है। यह अपने आप में एक बहुत बड़ा मजाक है। पीएम जी को हम याद दिलाना चाहेंगे कि आम जनमानस के लिए आज मंहगाई आसमान को छू रही है।

अर-हर की दाल जब हमने शासन छोड़ा था तब 82 रुपये किलो थी आज 145 किलो रुपये है, उड़द की दाल 85 रुपये किलो थी आज 125 रुपये किलो है, मूंग की दाल 93 रुपये किलो थी आज 115 रुपये किलो है, मसूर की दाल 80 रुपये किलो थी आज 95 रुपये किलो है, आटा 20-21 रुपये से बढ़कर 29 और 30 रुपये हो गया है, प्याज 80 और 100 रुपये किलो के दाम बिक रहा है, आलू 20 रुपये किलो हो गया है, खाने का तेल 180 और 190 रुपये के दाम पर बिक रहा है।

तो पीएम जी स्वयं गृहस्थी चलाते नहीं इसलिए उनको जानकारी भी नहीं है कि इसका प्रभाव आम जनता और गृहणियों पर क्या पड़ता है।

इसी तरह से पीएम जी ने किसानों की भलाई की बात की, चावल की फसल आज किसान चण्डीगढ़, पंजाब और हरियाणा बाजार में 1200 रुपये क्विंटल बेचने के लिए मजबूर है। कपास की फसल खराब हो गई है, लेकिन पीएम जी को कोई खबर नहीं।

हम मांग करते हैं पीएम जी से जो कारगिल के जो सैनिक हैं, उनके बेटे की मृत्यु हुई है, देवेंद्र सिंह और उनके परिवार से माफी मांगे और देश से भी अपनी चालबाजी, दगाबाजी और धोखेबाजी के लिए माफी मांगे।

पीएम जी के अंहकार के बारे में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में श्री सुरजेवाला ने कहा कि अंहकार का इससे बड़ा उदाहरण और कोई नहीं होगा कि आप चण्डीगढ़ के 187 स्कूलों को बंद करदें और चण्डीगढ़ में दाह संस्कार के लिए क्रिमेशन ग्राऊंड को बंद करदें और बच्चों के स्कूलों की बंसे इम्पाऊंड करलें। कांग्रेस के नेतागण इस तरह के लिए विरोध की बात करें तो कल रात से ही उन्हें उनके घरों में गिरफ्तार करके नजरबंद कर दें, क्या प्रजातंत्र और लोकतंत्र की मान्यताओं का भाषण देने वाले पीएम

**जी को किसान की , गृहणी की, बच्चों की कितनी परवाह है यह देखने को चण्डीगढ़ में मिला है।**

**श्री वैंकया नायडू के** GST **पर दिए गए बयान पर पूछे गए प्रश्न पर श्री सुरजेवाला ने कहा कि हमने पहले भी कहा है कि श्री वैंकया नायडू एक बुजुर्ग नेता हैं और हम उनका सम्मान करते हैं लेकिन कम से कम वह अपने प्रधानमंत्री जी से अनुमती जरुर ले लें ताकि कल को उनको अपनी बात के लिए नीचा ना देखना पड़े। कई बार ऐसा हुआ है कि बीजेपी के मंत्री अपन बात रखते हैं लेकिन पीएम जी उसको खारिज कर देते हैं। जहां तक** GST **का सवाल है कि हमने पहले ही कहा है कि** GST **को कांग्रेस ने अपने गर्भ में पाला है, पोसा है और बड़ा किया है जैसे कि एक मां करती है।** GST **को पास करने में हमें कोई एतराज नहीं है। हमें एतराज जनता के हक का है। कांग्रेस कहती है देश में** GST **कर की दर 18% से ज्यादा नहीं होनी चाहिए तो यह जनता के हक की बात है, कांग्रेस अगर कहती है कि हर प्रांत में** 1% **अतिरिक्त कर लगाने का जो प्रावधान है वो हटाना चाहिए तो यह जनता के हक में है, कांग्रेस के हक में नहीं।**

On the question of the reaction of the Congress Party on the statement of PM Shri Narendra Modi in Chandigarh that 'Jan Sabha' is bigger than the

Lok Sabha, Shri Surjewala said we wish that PM also did not misuse the funds of public exchequer to hold his Jan Sabhas. Will the PM answer to the people of this country that why was his public meeting and his visit to Chandigarh, the grossest misuse of power, drunk with power, VIP racism is in play at the highest level? Will the PM also answer that now will he decide policy and legislations in BJP's sponsored public meetings and why is it that public exchequer has to pay for PM's public meetings that he holds with great political overtures?

On the question of the reaction of the Congress Party on the statement of Shri Yashwant Sinha that BJP is ignoring Shri Shatrughan Sinha, Shri Surjewala said Shri Shatrughan Sinha Ji is perhaps a very seasoned leader and as senior as Shri Narendra Modi himself in BJP. Shri Shatrughan Sinha joined BJP, if I may recollect when BJP had a figure of Two in Parliament and has steadfastly stood with BJP. While giving regard and positions to Members , Senior Members of party is the internal decision of the BJP, we definitely thank Shri Shatrughan Sinha that what we said the other day that the fight in Bihar is between a **'Hawabaaz PM'** and a '**Kaamkazi Mukhya Mantri'** and Shri Shatrughan Sinha has affirmed that slogan of the Congress Party.

On the question of reaction of the Congress Party over the statement of CM Punjab Shri Prakash Singh Badal in the Cabinet that the allowances of the Soldiers will be doubled who has deserted the Army after Blue Star Operation, Shri Surjewala said while he had not seen the decision, out rightly we would like to request Sardar Prakash Singh Badal and BJP Government that in a few months in the run-up to the Punjab Polls, Punjab Government is successively propagating, promoting and protecting certain elements who border on sessionism. The manner and the fashion in which people who were murderers of General Vaidya were being facilitated is an example in itself and now that we also saw terrorism is coming back to Punjab through the channels of Pakistan which current Government has failed to stop. As we say so, Sardar Prakash Singh Badal has accused his own party of not being able to protect border and now to promote the deserters in the Army, in any fashion, goes against the very foundation of the Rule of Law and Constitution. We hope Sardar Prakash Singh Badal, instead of playing to the gallery and instead of helping such elements will see reason and Government will act in accordance with Law and Constitution.